कार्यालयः– उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–02/21/अति–5/2023–2024
प्रयागराजः दिनांक 10 सितम्बर 2024

विज्ञप्ति

स्टाफ नर्स आयुर्वेद (पुरूष/महिला) (प्रा0) परीक्षा–2023, जो दिनांक 08 सितम्बर 2024 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य ज्ञान,सामान्य हिन्दी व आयुर्वेद विषय से संबंधित **प्रश्नपत्र स्कैन कर प्रश्नों एवं उनके उत्तर** आयोग की वेबसाइट– https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक **16 सितम्बर 2024** तक. उपलब्ध है। प्रश्नपत्र के नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर को हाईलाइट व अण्डरलाईन (आयताकार खाने में)** कर दिया गया है। **अभ्यर्थीगण आयोग द्वारा जारी प्रश्न–पुस्तिका बार–कोड सं0–5009401,जिसमें सही उत्तर को आयताकार खाने में किया गया है, के आधार पर अपनी प्रश्न–पुस्तिका से अपने उत्तरों का मिलान कर लें। यदि आयोग द्वारा जारी प्रश्नोत्तरों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो बार–कोड कम सं0–5009401 की जारी प्रश्न–पुस्तिका के प्रश्न की कम संख्या एवं उसी के अनुसार सही विकल्पों का उल्लेख करते हुए निर्धारित प्रारूप पर पूरा प्रश्न लिखेंगे तथा आयोग द्वारा जारी उत्तर एवं प्रत्यावेदन के रूप में प्रस्तावित उत्तर लिखेंगे।**

अतः इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग द्वारा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्नों एवं उनके उत्तरों को देख लें और यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन /आपत्ति (संगत साक्ष्य सहित–नीचे दिये गये प्रारूप पर) जारी प्रश्न पुस्तिका के आधर पर प्रश्न व उत्तर के रूप में अनिवार्यतः सामान्य ज्ञान विषय (प्रश्न सं0–01 से 30 तक), सामान्य हिन्दी विषय (प्रश्न सं0–31 से 50 तक) व आयुर्वेद विषय (प्रश्न सं0 51 से 170 तक) हेतु अलग–अलग प्रत्यावेदन (जो एक साथ स्टेपल न हों), आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में, जो परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन–5 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज–211018 को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर, दिनांक **17 सितम्बर, 2024 के सायं 05.00 बजे तक** किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के/ अपठनीय व असंगत साक्ष्य युक्त एवं निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों पर आयोग द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः– आयोग द्वारा जारी प्रश्न–पुस्तिका बार–कोड कम सं0– 5009401 में अंकित प्रश्न–संख्या एवं विकल्प के अनुसार ही आपत्ति दें।

प्रारूप

1–अभ्यर्थी का नाम..
2–अनुकमांक...
3–परीक्षा का नाम...
4–विषय का नाम...

क0सं0	प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम सं0–5009401 के अनुसार प्रश्न संख्या व प्रश्न	बारकोड कम सं0–5009401 में आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर)	बारकोड कम सं0–5009401 के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर)	साक्ष्य
1	2	3	4	5

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर...

(धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी)
उप सचिव।